## औसत से कम पड़े वोट

# नोएडा में 49.02% मतदान

आशीष दुबे
नोएडा, 11 फरवरी।

उप्र विधानसभा चुनाव के पहले चरण में दिल्ली से सटे औद्योगिक महानगर नोएडा में कुल 49.02 फीसद मतदान हुआ। जिला सूचना अधिकारी के मुताबिक जिले की दो अन्य विधानसभा दादरी में 62.11 और जेवर में 66.43 फीसद मतदान होने की जानकारी मिली है। गौतमबुद्ध नगर की तीनों सीटों पर कुल 58.61 फीसद मतदान हुआ। बताया गया है कि चुनाव आयोग को बसपा और सपा उम्मीदवारों पर मतदान वाले दिन मैसेज के जरिए प्रचार करने की शिकायतें मिली हैं। जिसके चलते जिला निर्वाचन अधिकारी ने ने सपा और बसपा उम्मीदवारों के खिलाफ मामला दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक, बसपा उम्मीदवार ने तो फेसबुक पर लाइव आकर लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील भी की। भाजपा से केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र पंकज सिंह, सपा- कांग्रेस गठबंधन से सुनील चौधरी और बसपा से रविकांत मिश्र चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा अन्य राजनैतिक दल और निर्दलीय 11 प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं।

### एक बूथ पर 700 लोगों के नाम कटने पर हुआ हंगामा

सेक्टर-82 स्थित केंद्रीय विहार सामुदायिक भवन में शनिवार को बूथ नंबर 454 पर सैकड़ों की संख्या में लोगों ने नाम मतदाता सूची से गायब होने पर दोपहर करीब 12 बजे बड़ा हंगामा हो गया। आलोक विहार के सामने बने इस केंद्र पर सेक्टर-82 में रहने वाले शेषमणि पांडे, लाल मणि तिवारी समेत करीब 700 लोगों के नाम मतदाता सूची में तो मौजूद मिले लेकिन ईवीएम मशीन के पास बैठे पीठासीन अधिकारियों की सूची में ये नाम नहीं थे। नोएडा के विहिप पदाधिकारी उमानंद कौशिक भी उस दौरान मतदान केंद्र में मौजूद थे। तत्काल यह सूचना जिलाधिकारी, निर्वाचन अधिकारियों के अलावा भाजपा उम्मीदवार पंकज सिंह और सांसद डॉक्टर महेश शर्मा को दी गई। बताया गया है कि डॉक्टर शर्मा ने जिलाधिकारी से बात की। निर्वाचन अधिकारियों की पहल पर उन सभी को मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई। मतदान आम तौर पर शांति से संपन्न हुआ और किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है।



शनिवार को नोएडा में बुजुर्ग महिला ने किया अपने मताधिकार का इस्तेमाल।



नोएडा के सेक्टर-12 के मतदान केंद्र पर युवा मतदाताओं का जोश।

## दिव्यांग ने डाला पहला वोट



नोएडा में पहला वोट दिव्यांग मुनेश ने सुबह 7 बजे निठारी स्थित मतदान केंद्र में वोट डाला। मुनेश के अलावा बड़ी संख्या में दिव्यांगों ने भी विभिन्न मतदान केंद्रों पर बढ़-चढ़कर मतदान किया। सेक्टरों में गांवों के मुकाबले धीमी गति से मतदान शुरू हुआ। गुनगुनी गर्मी के बावजूद बुजुर्ग मतदाता कम संख्या में घरों से बाहर निकले। हालांकि सर्फाबाद में 90 वर्षीय ओमवती देवी और 80 साल के चंद्रलाल ने मतदान कर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में वोट देने की अपील की। वहीं, जिला प्रशासन के तमाम दावों के विपरीत निर्वाचन कर्मी ज्यादातर मतदाताओं तक चुनाव पर्ची पहुंचाने में नाकाम रहे। मतदान केंद्रों के बाहर लगे टैंट में बैठे बीएलओ समेत अन्य कर्मियों के पास सैकड़ों की संख्या में मतदान पर्चियों के बंडल रखे हुए थे। यहीं नहीं प्रशासनिक उदासीनता की वजह से अमूमन प्रत्येक मतदान केंद्र पर बड़ी संख्या में लोगों के नाम मतदाता सूची से गायब मिले। सेक्टर-41 स्थित मिलेनियम स्कूल में बने मतदान केंद्र पर इसी सेक्टर के डी-182 में रहने वाले राजकुमार मल्होत्रा समेत परिवार के अन्य छह सदस्यों का नाम गायब था। केवल उनकी एक बहू का ही नाम मौजूद था। मल्होत्रा ने दावा किया कि वे पिछले 20 सालों से इसी मकान में रह रहे हैं। मतदाता पुनरीक्षण में धांधली का आरोप लगाते हुए राजकुमार मल्होत्रा नाराजगी जाहिर कर लौटे। नाम कटने, बूथ बदले जाने जैसी दिक्कतों के बावजूद इस मर्तबा पहली बार नोएडा विधान सभा सीट के ज्यादातर इलाकों में जाति- बिरादरी मतदान का कोई बड़ा आधार नहीं बना है।

# 'वैश्विक चेहरे के लिए गांवों से टकराना होगा'

सुमन केशव सिंह
नई दिल्ली, 11 फरवरी।

'अंतरराष्ट्रीय फलक पर पांव पसारने की कवायद तभी हो सकती है जब आपकी जड़ें मजबूत हों। नाटकों को महानगरीय केंद्रों तक सीमित कर दिया गया है। हमें गांवों में जाना होगा, वहां की लोक संस्कृति से टकराना होगा। जो काम हबीब तनवीर ने किया मैं उसी परंपरा का खुद को मानता हूं। यह सुखद है कि देर ही से सही भोजपुरी, मैथिली और बघेली जैसी भाषाओं को राष्ट्रीय मंच देने की कोशिश हो रही है'। एनएसडी के सालाना नाट्य जलसा भारंगम में बघेली भाषा में नाटक 'आनंद रघुनंदन' का मंचन करने के बाद नाट्य निर्देशक संजय उपाध्याय ने कहा कि अब भारंगम में क्षेत्रीय नाट्य कला और आंचलिक बोलियों के नाटक प्रदर्शित किए जा रहे हैं। गांवों और कस्बों तक पहुंचने की यह कोशिश ही हमें वैश्विक मंचों पर मजबूत करेगी।



मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल के निदेशक संजय उपाध्याय कबीर, तुलसीदास, विद्यापति, हव्वा खातून, भारतेंदु से लेकर हीरा डोम, भिखारी ठाकुर के अहम पक्षों को रंगमंच के दर्शकों के सामने रख चुके हैं। निर्माण कला मंच एवं सफरमैना के संस्थापक निदेशक उपाध्याय अगुआ रचनाकारों की रचनाओं को कर्णप्रिय सांगीतिक प्रस्तुति देते हुए उसमें निहित सौंदर्य बोध को प्रतिरोध की झांकी के रूप में उकेरते हैं। उनके नाटकों का लोकवादी तत्त्व जड़ों से संवाद करता दिखता है।

नाटकों में जब लोक का पुट आता है तो लोकाचार की भाषाएं भी उसमें समाहित होंगी। हमारे समाज में गालियां और कुछ खास तरह के शब्द तो मंजूर हैं लेकिन जब नाटकों में उनका प्रयोग होता है तो प्रतिबंध झेलना होता है। आरोप है कि भारंगम में कुछ ऐसे नाटकों को रोक दिया गया जिनमें गालियों का प्रयोग किया गया था। जनसत्ता के इस सवाल पर उपाध्याय कहते हैं, 'मैं अभिव्यक्ति की आजादी पर किसी भी तरह की सेंसरशिप के खिलाफ हूं। क्या सही है, क्या गलत यह फैसला लोगों को करने देना चाहिए। हम जिस समाज में रहते हैं वहां गालियां अभिव्यक्ति का अंदाज का भी हैं। क्या अश्लील है, क्या भदेस है, वह काल परिस्थिति पर भी निर्भर करता है'। उपाध्याय कहते हैं, 'बांग्ला और मराठी नाटकों के बरक्स हिंदी नाटकों की बदहाली के सवाल मैं पिछले चालीस सालों से सुनता आ रहा हूं। लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी है कि मराठी और बांग्ला नाटक पहले जहां थे आज भी वहीं हैं। उनमें विचार, खोज और तकनीक के स्तर पर बदलाव की जरूरत है। हिंदी के साथ विडंबना है कि इसमें मैथिली, भोजपुरी, बघेली, अवधि, ब्रज आदि भाषाओं के शब्द लिए गए हैं। इन भाषाओं को परिष्कृ त नहीं किया गया, बोलियों को बढ़ाया नहीं गया'।

थिएटर बनाम रोजी-रोटी के सवाल पर उपाध्याय कहते हैं, 'नाटकों को शुरू से सामाजिक मान्यता नहीं दी गई। इसे पाठ्यक्रम में डाला जाता तो कुछ नहीं तो शिक्षक बन कर उन कलाकारों की आजीविका का इंतजाम हो जाता। हालांकि अब इसे मान्यता दी जा रही है। कुछ स्कूलों में इसे पढ़ाया भी जा रहा है। पाठ्यक्रम तैयार किए जा चुके हैं। अब केवल प्रशासनिक मुहर की जरूरत है।'

# ईसी के लिए चुने गए एके भागी और राजेश झा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 फरवरी।

दयाल सिंह कॉलेज के शिक्षक व नेशनल डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट के अध्यक्ष प्रोफेसर एके भागी और राजधानी कॉलेज के शिक्षक और एकेडमिक फॉर एक्शन एंड डेवलपमेंट के नेता डॉक्टर राजेश झा दिल्ली विश्वविद्यालय के कार्यकारी परिषद (ईसी) के लिए चुन लिए गए हैं। कार्यकारी परिषद (ईसी) में शिक्षकों के प्रतिनिधियों के लिए 9 फरवरी को मतदान हुआ था। इस चुनाव में कुल 7641 वोट पड़े। वोट में 2547 कोटा तय था। प्रोफेसर एके भागी 2586 वोट लेकर पहले स्थान पर रहे और डॉक्टर राजेश झा को 2456 वोट मिले। इसमें चार अन्य शिक्षक भी मैदान में थे जिनमें से डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट के उम्मीदवार रूद्राशीष चक्रवर्ती को 2008 वोट मिले।

जहां तक एसी के नतीजों का सवाल है शनिवार रात तक मिली जानकारी के मुताबिक एएडी खेमे से डॉक्टर ऋचा राज, डॉक्टर नचिकेता सिंह, डॉक्टर समरेंद्र कुमार विजयी घोषित किए गए हैं। एनडीटीएफ खेमे से चमन सिंह, गीता भट्ट, सुनील कश्यप और केपी सिंह निर्वाचित घोषित किए जा चुके थे। विश्वविद्यालय प्रशासन रविवार दोपहर तक नतीजों की घोषणा कर सकता है।

# नशे की तस्करी में नाइजीरियाई सहित तीन लोग गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 फरवरी।

नशीले पदार्थ की तस्करी के आरोप में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक नाइजीरियाई सहित तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा के संयुक्त आयुक्त रविंद्र यादव के मुताबिक इनके के पास से 590 ग्राम हेरोइन और 170 ग्राम कोकीन बरामद हुई है। इसकी कीमत दो करोड़ रुपए आंकी गई है। आरोपियों की पहचान उचेन्ने, अजय और नरेश कुमार के रूप में हुई है। उचेन्ने नाइजीरिया का रहने वाला है। जबकि अजय कानपुर और नरेश दिल्ली का रहने वाला है। यादव ने बताया कि नाइजीरियाई तस्कर उचेन्ने राजधानी में अलग-अलग स्थानों पर ड्रग तस्करी कर रहा था। खुफिया सूचना पर उसे द्वारका मोड़ से दबोचा गया।

एक दूसरे मामले में सूचना पर ड्रग तस्कर अजय और नरेश कुमार को पुलिस उपायुक्त राजेश देव की टीम ने विकास नगर इलाके से दबोचा। आरोपियों के पास से लगभग पचास लाख रुपए कीमत की 260 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।


IFCI LIMITED
आई एफ सी आई लिमिटेड
(A Govt. of India Undertaking)
(भारत सरकार का उपक्रम)

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

पंजीकृत कार्यालय: आईएफसीआई टावर, 61 नेहरु प्लेस
नई दिल्ली-110019
फोन: 011-41732000
फैक्स: 011-26230201
वेबसाइट: www.ifciltd.com
सीआईएन: L74899DL1993G0I053677

31 दिसम्बर, 2016 को समाप्त तिमाही तथा नौ माह के गैर लेखा-परीक्षित (स्टेण्डअलोन) वित्तीय परिणामों का सार (लाख रुपए)

| | विवरण | 31.12.2016 को समाप्त तिमाही (गैर-लेखा परीक्षित) | 31.12.2016 को समाप्त नौ माह (गैर-लेखा परीक्षित) | 31.12.2015 को समाप्त तिमाही (गैर-लेखा परीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनों से कुल आय | 57,728 | 2,16,220 | 89,715 |
| 2. | अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक और/या असाधारण मदों से पूर्व) | (9,895) | (27,609) | 22,420 |
| 3. | कर-पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या असाधारण मदों के पश्चात्) | (9,895) | (27,609) | 22,420 |
| 4. | कर-पश्चात् अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या असाधारण मदों के पश्चात्) | (4,517) | (14,059) | 15,433 |
| 5. | अवधि के लिए कुल समग्र आय (जिसमें अवधि के लिए (कर-पश्चात्) लाभ/(हानि)) तथा अन्य समग्र आय (कर पश्चात्) शामिल है) | # | # | # |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य 10/- रुपए) | 1,66,204 | 1,66,204 | 1,66,204 |
| 7. | रिजर्व (पिछले वर्ष के लेखा-परीक्षित तुलन-पत्र में दर्शाए गए अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | – | 4,46,627 | – |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन (प्रत्येक का अंकित मूल्य 10/- रुपए) (गैर-वार्षिकीकृत) : | | | |
| क | बेसिक (रुपए) | (0.27) | (0.85) | 0.93 |
| ख | डायल्यूटिड (रुपए) | (0.27) | (0.85) | 0.93 |

# एनबीएफसी होने के नाते, वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 में निर्धारित भारतीय लेखांकन मानक आईएफसीआई लिमिटेड पर लागू नहीं है।

टिप्पणियां

1. उपर्युक्त विवरण भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड [सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएँ] विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के अधीन स्टॉक एक्सचेंजों में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रपत्र का सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रपत्र स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट (www.nseindia.com तथा www.bseindia.com) व कम्पनी की वेबसाइट www.ifciltd.com पर उपलब्ध है।
2. वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान, सेवानिवृत्ति के पश्चात् चिकित्सा लाभ योजना के सम्बन्ध में देयता को मान्यता देने के लिए लेखांकन नीति में संशोधन किया गया है, जो वार्षिक आधार पर लेखांकन मानक 15 – कर्मचारी हित के अनुरूप बीमांकक मूल्यांकन के आधार पर किया जाना है। इस नीति में परिवर्तन करने के कारण 31 दिसम्बर, 2016 को समाप्त 9 माह की अवधि के लिए लाभ 7.30 करोड़ रुपए कम (पिछले वित्तीय वर्ष (वर्षों) की तुलना में)) हुआ।
3. ये परिणाम सांविधिक लेखा-परीक्षकों, मैसर्स एएसए एण्ड असोसिएट्स एलएलपी, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स तथा मैसर्स केपीएमआर एण्ड असोसिएट्स, चार्टर्ड अकाकंटेंट्स की सीमित संवीक्षा के अधीन माने गए हैं।



स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 11 फरवरी, 2017

बोर्ड के आदेशानुसार
हस्ता/-
(संजीव कौशिक)
उप प्रबन्ध निदेशक

1948 से राष्ट्र की सेवा में



UFLEX यूफ्लैक्स लिमिटेड
'A part of your daily life'
CIN : L74899DL1988PLC032166
रजिस्टर्ड ऑफिस : 305, तीसरी मंजिल, भानोट कॉर्नर, पाम्पोष एन्क्लेव, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली-110048
फोन : +91-11-26440917, 26440925, फैक्स : +91-11-26216922, वेबसाइट : www.uflexltd.com, इमेल : flexsec@vsnl.net

31.12.2016 को समाप्त तिमाही एंव 9 माह के दौरान अनंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणाम (₹ लाखों में)

| क्र0 सं0 | विवरण | 31.12.2016 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 30.09.2016 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 31.12.2015 को समाप्त तिमाही | 31.12.2016 को समाप्त 9 माह (अनंकेक्षित) | 31.12.2015 को समाप्त 9 माह |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 149590 | 153466 | 148231 | 453715 | 457453 |
| 2. | साधारण गतिविधियों से कर पश्चात् शुद्ध लाभ/(हानि) | 7456 | 9019 | 7910 | 25015 | 23362 |
| 3. | अवधि के लिये शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 7456 | 9019 | 7910 | 25015 | 23362 |
| 4. | कर, मायनॉरिटी इंट्रस्ट एवं सहयोगीयों का अंश लाभ/(हानि) के बाद कुल लाभ/(हानि) | 7376 | 9035 | 7921 | 25027 | 23340 |
| 5. | अवधि के लिये कुल व्यापक आय [अवधि के लिए शामिल लाभ/हानि] (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) | (2396) | 6641 | 8959 | 12549 | 28610 |
| 6. | समतुल्य अंश पूंजी | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 |
| 7. | पूर्व लेखा वर्ष के तुलन पत्र के अनुसार पुनर्मूल्यांकन आरक्षित के अतिरिक्त आरक्षित | - | - | - | - | - |
| 8. | आय प्रति शेयर (ईपीएस) असाधारण मदों से पूर्व (₹ 10 प्रति) (वार्षिकोकृत नही) | | | | | |
| | मूलभूत | 10.21 | 12.51 | 10.97 | 34.66 | 32.32 |
| | द्रव्य | 10.21 | 12.51 | 10.97 | 34.66 | 32.32 |
| 9. | आय प्रति शेयर (ईपीएस) असाधारण मदों के बाद (₹ 10 प्रति) (वार्षिकोकृत नही) | | | | | |
| | मूलभूत | 10.21 | 12.51 | 10.97 | 34.66 | 32.32 |
| | द्रव्य | 10.21 | 12.51 | 10.97 | 34.66 | 32.32 |

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में जमा किए गए 31 दिसम्बर 2016 को समाप्त तिमाही एंव 9 माह के समेकित वित्तिय विवरण के विस्तृत प्रारूप का सारकित अंश है। 31 दिसम्बर 2016 को समाप्त तिमाही एंव 9 माह के स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तिय विवरण का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों www.nseindia.com, www.bseindia.com तथा कंपनी की वेबसाइट www.uflexltd.com पर उपलब्ध है।

कृते यूफ्लेक्स लिमिटेड
हस्ता/-
(अशोक चतुर्वेदी)
अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक
DIN - 00023452

स्थान : नोएडा
दिनांक: 11.02.2017



KHANDELWAL EXTRACTIONS LIMITED
CIN: L24241UP1981PLC005282
REGD. OFFICE: 51/47 NAYAGANJ, KANPUR - 208 001

EXTRACT OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31.12.2016 (Rs. in Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | 3 Months ended 31.12.2016 (Unaudited) | 9 Months ended 31.12.2016 (Unaudited) | Corresponding 3 Months ended 31.12.2015 (Unaudited) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations | 16.34 | 1151.97 | 123.49 |
| 2. | Net Profit/(Loss) from ordinary activities after tax | (25.28) | 79.28 | (14.11) |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (25.28) | 79.28 | (14.11) |
| 4. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | (25.28) | 79.28 | (14.11) |
| 5. | Paid-up Equity Share Capital (Face value of Rs. 10/- per share) | 85.01 | 85.01 | 85.01 |
| 6. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | - | - | - |
| 7. | Basic & Diluted Earnings per share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinuing operations) | - | - | - |

Note:
1. Due to seasonal nature of business the tax provision is considered at the year end, hence profit/loss figures shown above are before tax and EPS also not calculated.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Nine months Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/Nine months Financial Results are available on the Stock Exchange website: www.bseindia.com and on the Company's website: www.khandelwalextractions.com.

For and on behalf of the Board of Directors
Dinesh Khandelwal
Director (Finance & CFO)
DIN: 00161831

Place: KANPUR
Date: 11.02.2017



PTC INDUSTRIES
Aspire. Innovate. Achieve.
Registered Office: Malviya Nagar, Aishbagh, Lucknow-226 004, Uttar Pradesh, INDIA
Ph.: +91 522 4051444, Fax: +91 522-2265302, Web: www.ptcil.com
CIN: L27109UP1963PLC002931

EXTRACT OF STATEMENT OF UNAUDITED RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31 DECEMBER 2016 (Rs. in Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended 31.12.2016 (Unaudited) | Year to date figures for current period ended 31.12.2016 (Unaudited) | Corresponding 3 months ended in the previous year 31.12.2015 (Unaudited) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations (net) | 2,336.84 | 7,497.66 | 2,410.63 |
| 2. | Net profit from ordinary activities after tax | 175.92 | 502.63 | 148.07 |
| 3. | Net Profit for the period after tax (after extraordinary items) | 175.92 | 502.63 | 148.07 |
| 4. | Paid-up equity share capital (₹ 10 per share) | 523.91 | 523.91 | 523.91 |
| 5. | Reserve excluding revaluation reserves (as per balance sheet of previous accounting year) | | | |
| 6. | Earning per share (before extraordinary items) (of ₹ 10/- each) (not annualised): | | | |
| | (a) Basic | 3.36 | 9.59 | 2.83 |
| | (b) Diluted | 3.36 | 9.59 | 2.83 |

Note:
The above is an extract of the detailed format of quarterly/nine months ended 31 December 2016 Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly/nine months ended 31 December 2016 Results are available on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com) and on the Company's website (http://www.ptcil.com/Financialsreport.aspx).

For and on behalf of the Board of Directors
Sd/-
(Sachin Agarwal)
Managing Director

Place: Lucknow
Date : 11 February, 2017



IDEAL CARPETS LIMITED
REGD. OFFICE : C-4/118, Safdarjung Enclave, New Delhi-110029
CIN : L17226DL1991PLC128367

UNAUDITED FINANCIAL RESULTS (PROVISIONAL) FOR THE QUARTER ENDED 31-12-2016

STATEMENT OF STANDALONE / CONSOLIDATED UNAUDITED / AUDITED RESULTS FOR THE QUARTER ENDED ON 31.12.2016

| Sl. No. | PARTICULARS (Refer Notes Below) | (1) 3 Months Ended 31.12.2016 (Unaudited) / (Audited) | (2) 9 months ended (31.12.2016) (Unaudited) / (Audited) | (3) 3 Months ended 31.12.2015 (Unaudited) / (Audited) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Income from operations | | | |
| | (a) Net sales/income from operations (Net of excise duty) | 201.79 | 1084.78 | 317.98 |
| | (b) Other operating income | 2.90 | 7.19 | 1.76 |
| | Total income from operations (net) | 204.69 | 1091.97 | 319.74 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items#) | 10.45 | 20.76 | 6.56 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before Tax (after exceptional and / or Extraordinary items#) | 10.45 | 20.76 | 6.56 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after Tax | 7.87 | 13.66 | 4.51 |
| | (after exceptional and / or Extraordinary items#) [comprising Profit / (loss) for the period after tax other comprehensive income (after tax)] | 7.87 | 13.66 | 4.51 |
| 5 | Equity Share Capital | 570.62 | 570.62 | 570.62 |
| 6 | Reserve excluding Revaluation Reserves as shown in the audited balance sheet of previous year | - | - | - |
| 7. | i Earnings per share (before extraordinary items) (of ` ___/- each) (not annualised): | 0.00 | 0.000 | 0.00 |
| | (a) Basic | | | |
| | (b) Diluted | | | |
| 8. | ii Earnings per share (of Rs.___/- each) for continuing and discontinued operations) | | | |
| | (a) Basic | 0.00 | 0.000 | 0.00 |
| | (b) Diluted | 0.00 | 0.00 | 0.00 |

Note:
a) The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annua; Financial results filed with the Stock Exchnage under Regulation 33 of the SEBI (Listing and other Dislcosure Requirements) Regulations, 2015. The Full format of the Quarterly / Annual Financial Results are availabe on the website of the Stock Exchange(s) and the listed entiry.
b) The Impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s) due to change(s) in accounting policies shall be disclosed by meand of a footnate.
c) #- Exceptional and / or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-As Rules / AS Rules, whichever is applicable.
d) The above financial results have been reviewed by the audit committee and subsequently approve by the Board of directors at its meeting held on February 11, 2017. The Statutory Auditors of the Company have carried out a limited review of the aforesaid resilts.

For Ideal Carpets Limited
Sd/-
Lalla Ram Maurya
Managing Director

Date : 11/02/2017
Palace : New Delhi